हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

04 संघ शताब्दी वर्ष : माधव बस्ती में 16 जनवरी को ...



07 अस्पताल आगजनी में जांच टीम बोली कम हुआ...





## खबर संक्षेप

### एमजी क्लब ने सीहोर रेड को 1-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का पहला चरण चल रहा है और सोमवार को दो मैच खेले गए। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गत दिनों चर्च मैदान पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में सोमवार को पांचवें दिन पहला मैच सीहोर रेड विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एमजी क्लब 1-0 से विजय रही एमजी क्लब की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया दूसरा मैच सीहोर क्लब विरोध सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया।

### खेलों में दिखा बच्चों का जोश 26 जनवरी को मिलेंगे इनाम

**सीहोर।** वीर बाल दिवस पर शासकीय हाई स्कूल खारी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा। पहले दिन बालक और बालिका वर्ग में कबड्डी मुकाबले हुए। बच्चों ने अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लिया। दूसरे दिन गोला फेंक, रस्सी कूद, दौड़ और रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। बालक और बालिका दोनों वर्गों में छात्रों ने दमखम दिखाया। खेल मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा। अभिभावकों की मौजूदगी ने माहौल को और जोश से भर दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विजेता छात्रों और टीमों को 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।

### नए साल के आगाज के लिए धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं लोग

# नववर्ष 2026: आनंद और आस्था का संगम है सीहोर, अपनों के साथ घूमें ये खास पर्यटन स्थल

प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर, सलकनपुर स्थित विजासन माता मंदिर, कुबेरेश्वरधाम सहित अन्य स्थानों पर नए वर्ष के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में, प्रशासन भी अर्लट


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कड़ाके की ठंड की दस्तक के साथ ही अब साल 2025 विदा होने को है और नववर्ष 2026 का आगाज होने वाला है। यदि आप नए साल के स्वागत के लिए परिवार के साथ बाहर जाने की योजना बना रहे हैं तो कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। जिला आध्यात्मिक शक्ति, समृद्ध इतिहास और अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। आइए जानते हैं जिले के उन खास ठिकानों के बारे में जहां आप अपने नए साल को यादगार बना सकते हैं।

### चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर




उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा स्थापित यह मंदिर देश के चार सिद्ध गणेश पीठों में से एक है। मान्यता है कि यहां उल्टा स्वास्तिक बनाने से बप्पा हर चिंता हर लेते हैं।




### विंध्यवासिनी सलकनपुर धाम

विंध्य पर्वतमाला पर 800 फीट की ऊंचाई पर स्थित माता बीजासन का दरबार भक्तों की आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां श्रद्धालु सडक मार्ग, सीढ़ियों या रोपवे का आनंद लेते हुए माता के दर्शन कर सकते हैं।



### कुबेरेश्वर धाम

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के इस धाम ने सीहोर को विश्व पटल पर पहचान दिलाई है। यहां महादेव के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।




### हनुमान फाटक मंदिर

सीवन नदी के तट पर स्थित 9 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केंद्र है।

### मालवा का जलियांवाला

कुंवर चैन सिंह की छतरीः इसे मालवा का जलियांवाला बाग कहा जाता है। शहीद कुंवर चैन सिंह की वीरता की गाथा सुनाता यह स्थान देशप्रेम की प्रेरणा देता है।




### ऑल सेंट्स चर्च

1838 में बना यह चर्च स्कॉटलैंड के चर्च की तर्ज पर गोथिक शैली में बना है, जो वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है।



### सारू-मारू की गुफाएं

बुधनी के पास स्थित इन गुफाओं में सम्राट अशोक के समय के शिलालेख मौजूद हैं, जो बौद्ध काल की ध्यान साधना का प्रमुख केंद्र रही हैं।




### कोलार बांध

घने जंगलों के बीच बना यह जलाशय पिकनिक प्रेमियों के लिए स्वर्ग के समान है। यहां की शांति और मनोरम दृश्य मन मोह लेते हैं।



### अमरगढ़ जलप्रपात

ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए यह बेस्ट स्पॉट है। सर्दियों में यहां की हरियाली और शांति सुकून प्रदान करती है।



### क्रिसेंट वाटर पार्क

यदि आप बच्चों के साथ आधुनिक मनोरंजन का मजा लेना चाहते हैं तो यह पार्क एक बेहतरीन विकल्प है।



## मंडीदीप से लौट रहे नर्मदापुरम के व्यापारी का दहोटा के जंगल में मिला शव, मौत का कारण अज्ञात

**सीहोर।** जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित दहोटा घाट के जंगल में नर्मदापुरम के प्रतिष्ठित व्यापारी विवेक शर्मा उर्फ अविनाश शर्मा (39) का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना केवल एक मौत नहीं, बल्कि एक ऐसा रहस्य बन गई है जिसने पूरे जिले की नींद उड़ा दी है। जंगल के सन्नाटे में पड़े इस शव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिजनों के अनुसार विवेक शर्मा शुक्रवार को मंडीदीप से अपनी कार से नर्मदापुरम के लिए रवाना हुए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया। परिजन लगातार संपर्क की कोशिश करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अंततः मंडीदीप थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।सोमवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने दहोटा घाट के घने जंगल में एक शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही शाहगंज पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने शव की शिनाख्त कर पंचनामा तैयार कराया



और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बुधनी अस्पताल भेजा गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओपी रवि शर्मा ने कहा कि मामला अत्यंत संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति और घटनास्थल के हालात यह संकेत दे रहे हैं कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है। पुलिस हत्या की आशंका को लेकर जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों, मृतक की कॉल डिटेल्स और आवागमन के मार्गों की बारीकी से जांच की जा रही है।

इधर नर्मदापुरम में विवेक शर्मा की मौत की खबर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। व्यापारिक समाज में शोक और आक्रोश है। परिजन इसे पूर्व नियोजित हत्या बता रहे हैं और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फिलहाल सभी की निगाहें पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे मौत की असली वजह सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

## नए साल में ई-टोकन व्यवस्था से होगा खाद वितरण, कलेक्टर ने तैयारी पूरी करने को कहा, फार्मर रजिस्ट्री करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक जनवरी से किसानों को खाद वितरण के लिए लागू होने वाली ई-टोकन व्यवस्था की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने यह बात जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कही। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को ई-टोकन प्रक्रिया के सुचारू क्रियान्वयन के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि पात्र किसानों को समय



पर और पारदर्शी तरीके से खाद मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा वाले पत्रों के निराकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं, उनके कल्याण और विकास कार्यों से जुड़े इन पत्रों का गंभीरता और प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सी ए म हेल्पलाइन में लंबित मामलों की समीक्षा की और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### हवाओं की दिशा पूर्व से होने के कारण तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव

# पारा 5.8 डिग्री, लगातार तीसरे दिन घना कोहरा, आज से फिर बढ़ेगी ठंड, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह कल की तुलना में दो डिग्री अधिक है। हवाओं की दिशा उत्तर की बजाय पूर्व से होने के कारण तापमान में यह उतार-चढ़ाव आया है। हालांकि, जिले में सोमवार लगातार तीसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, अब हवा की दिशा फिर से उत्तर की ओर हो जाएगी, जिससे मंगलवार से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। आगे भी घना कोहरा बने रहने के आसार हैं। प्रशासन ने नागरिकों को शीतलहर के लक्षणों और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक रहने के निर्देश दिए हैं।

### शीतलहर और बीमारियों का खतरा

दिसंबर और जनवरी माह के दौरान अक्सर शीतलहर का



प्रकोप देखने को मिलता है। इस दौरान तापमान 5-7 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाता है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां हो सकती हैं। विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी रहती है।

### ये बरतें सावधानी

नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में और कई परतों में गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकें और टोपी, मफलर व मोजे का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ (चाय, सूप) लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें और अनावश्यक यात्रा न करें।

### बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा खतरा

शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। इसके अलावा बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति और छोटे व्यवसायी भी जोखिम में रहते हैं।

## भागवत कथा का आज होगा समापन, दोपहर में निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

**सीहोर।** हमें सनातन धर्म को जोड़ना है आज के समय में इस को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। तरह-तरह से लोग इसे बांटने का प्रयास कर रहे हैं। जैसे व्यास गादी पर बैठने वाला सभी का होता है, यह गादी को जो पाए है उसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष है। भगवान श्रीकृष्ण और भगवान शिव में कोई भेद नहीं है। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के छठवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। सोमवार को कथा के दौरान पहुंचे पंडित श्री मिश्रा ने संत गोविन्द जाने का सम्मान किया और आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर उन्होंने मालवा माटी के प्रसिद्ध संत गोविन्द जाने के बारे में कहाकि भागवत कथा की रसधारा को जन-जन में पहुंचाने वाले पूर्ण सादगी के साथ कथा करते आ रहे है। उन्होंने समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कथा का श्रवण करने प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आदि शामिल थे। कथा के दौरान संत गोविन्द जाने ने कहाकि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने आज पूरे विश्व में शिव भक्ति का अलख जागा दिया है, सूने पड़े शिव मंदिर में वर्तमान में अभिषेक और पूजा अर्चना हो रही है। मात्र कुछ शब्दों में गागर में सागर को भर दिया।

कथा के छठवें दिवस संत गोविन्द जाने ने उद्धाव प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि भगवान तो सिर्फ प्रेम पर समर्पित होते है। भगवान यह नहीं देखता कि तुम कितने धनवान हो या बलवान हो, भगवान तो सिर्फ प्रेम देखते है कि तुम्हारे अन्दर उनके लिए कितना प्रेम है। मनुष्य को निस्वार्थ भाव से भगवान की भक्ति करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए एल्डर लाइन नंबर 14567

**सीहोर।** वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह एल्डरलाइन नंबर 14567 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय और निशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं एवं मार्गदर्शन हेतु सहायता के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड गठित

**सीहोर।** उद्यम विभाग के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का गठन किया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. को इस बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है और नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पर्यावरण विभाग, श्रम विभाग, ऊर्जा विभाग एवं वाणिज्य कर विभाग के जिला प्रभारियों को भी शासकीय सदस्य के रूप में बोर्ड में शामिल किया गया है। इसके साथ ही उद्योग महाप्रबंधक को बोर्ड का सदस्य सचिव बनाया गया है और अशासकीय सदस्य के रूप में जिले के औद्योगिक व्यापार संघो के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य भी बोर्ड में शामिल हैं।

### 251 नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री यादव ने दिया आशीर्वाद

**देवास।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर सुदामा चरित्र के भावपूर्ण प्रसंग के साथ कथा का विधिवत विश्राम हुआ। इस अवसर पर आयोजन स्थल श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के अद्भुत संगम का साक्षी बना। कथा के समापन अवसर पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 251 वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया एवं सभी को सुखी, समृद्ध एवं संस्कारमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता, सेवा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वचन प्रदान किया।

## कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ किया गया

# संघ शताब्दी वर्ष : माधव बस्ती में 16 जनवरी को होगा सकल हिंदू समाज का सम्मेलन

चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि देवताओं की ओर से असुरों से युद्ध करने वाले राजा को भी एक समय मुकुट उतारना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिलेभर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों की सशक्त श्रृंखला संचालित की जा रही है। इसी क्रम में भैरुंदा नगर को चार बस्तियों में विभाजित कर सकल हिंदू समाज के सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। केशव बस्ती एवं श्रीराम बस्ती में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं, सोमवार को भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माधव बस्ती में आगामी 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से परशुराम संस्कार केंद्र पर भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।




### वेद मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ भूमि पूजन

सोमवार, 29 दिसंबर को माधव बस्ती में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक परंपरा के अनुरूप वेद मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ किया गया, तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर मातृशक्ति की उल्लेखनीय सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। श्रद्धा, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का वातावरण पूरे परिसर में देखने को मिला। भूमि पूजन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेमनारायण पेठारी, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, ममता विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश लखेरा, ओम शांति परिवार से उर्मिला दीदी एवं विमल कुमार सहित आयोजन समिति के सदस्य राजेश पंवार, कैलाश धावरे, मुकेश शर्मा, दीपक मीणा, पंकज सोलंकी, पंकज यादव, अनीता लखेरा, रजनी शर्मा तथा बस्ती के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

**हिंदू समाज वैश्विक स्तर पर संगठित :** आचार्य मनोज तिवारी भूमि पूजन अवसर पर कथा वाचक आचार्य मनोज तिवारी कांकरिया ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि आज हिंदू समाज केवल भारत में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में संगठित होकर एक स्वर में खड़ा हो रहा है। यह स्थिति हमारे धर्मतंत्र और राजतंत्र—दोनों के ही हिंदू धर्म के प्रति पूर्ण मनोयोग से सक्रिय होने को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि केवल राजतंत्र अपने बल पर समाज को धर्म के प्रति संगठित नहीं कर सकता। चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि देवताओं की ओर से असुरों से युद्ध करने वाले राजा को भी एक समय मुकुट उतारना पड़ा। वहीं केवल धर्मतंत्र भी समाज को पूर्ण रूप से संगठित नहीं कर सकता। साधु-संत और वेदाचार्य प्रेरणा दे सकते हैं, किंतु सनातन धर्म की रक्षा का दायित्व राजतंत्र के हाथों में ही होता है।

### आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

वक्ताओं ने संघ शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए 16 जनवरी के सम्मेलन को अधिकाधिक सहभागिता के साथ भव्य रूप देने का आह्वान किया। इसके अंतर्गत बस्ती के विभिन्न स्थलों एवं मंदिरों पर भजन संध्या, हनुमान चालीसा पाठ, प्रभात फेरी सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

महर्षि विश्वामित्र का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि महान तपस्वी और सिद्ध होने के बावजूद उन्हें भी यज्ञों की रक्षा के लिए राजसत्ता की आवश्यकता पड़ी और वे राम व लक्ष्मण को साथ लेकर गए। इससे धर्म और राज—दोनों के समन्वय की आवश्यकता स्पष्ट होती है।

आचार्य तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में राजतंत्र और धार्मिक नेतृत्व-दोनों ही हिंदू समाज को संगठित करने के लिए सक्रिय हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव यह है कि छोटे-छोटे हिंदुत्व के कार्यक्रमों में भी बड़ी संख्या में समाज की भागीदारी देखने को मिल रही है। आज भारत के बाहर—बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित अन्य देशों में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध भी हिंदू समाज मुखर होकर आवाज उठा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन का समापन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हिंदू समाज की एकता को मजबूत करने, संगठन भाव को जागृत करने और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## 11 जनवरी को श्रीराम बस्ती में होगा हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

संघ के शताब्दी वर्ष पर जिले में सकल हिंदू समाज के सम्मेलन हो रहे हैं। भैरुंदा नगर को चार बस्तीयों मे विभाजित किया गया है। ये हिन्दू सम्मेलन विभिन्न बस्तियों मे आयोजित होंगे, जैसे श्रीराम, महाँकाल, केशव, माधव बस्ती शामिल हैं।

इसी क्रम में श्रीराम बस्ती में 11 जनवरी रविवार को हिंदू सम्मेलन होगा। इसकी तैयारियों की शुरुआत कलश यात्रा एवं भूमि पूजन से हुई। आयोजन समिति के आह्वान पर कलश यात्रा सर्वेश्वर धाम मंदिर स्वप्नसिटी कॉलोनी से प्रारम्भ होकर सुदामा पैलेस गार्डन पहुंची। जहाँ पंच कन्याओं के चरण वंदन के बाद वेद मंत्रों के साथ विधिवत भूमि-पूजन कथावाचक नारायण शास्त्री (कांटा फोड़ वाले) द्वारा किया गया। तत्पश्चात आयोजन समिति ने प.नारायण शास्त्री का साल श्रीफल देकर स्वागत किया। शास्त्री ने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है जो हमने भारत भूमि पर हिन्दू धर्म मे जन्म लिया है पुरे विश्व मे भारत एक ऐसा देश जिसको हम भारत माता कहकर पुकारते है हम भारत माता के लाल सपूत है। जब-जब भारत माता पर संकट आया है तब तब सनातन धर्म की रक्षा के लिए भगवान ने अवतार लिया है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा,उपाध्यक्ष उमा मांगीलाल खंडेलवाल और शक्ति सोनी,कोषाध्यक्ष भगवान पंवार सहित सैकड़ों समाजजन,माताएं-बहनें और युवा मौजूद रहे अंतिम मे भारत माता की आरती के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्रीराम बस्ती में होने वाले सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति ने सकल हिंदू समाज से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की है।

## तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में दो दिवसीय उड़ान स्पोर्ट मीट का शुभारंभ

**भैरुंदा।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय 'उड़ान स्पोर्ट मीट' का भव्य शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस स्पोर्ट मीट के अंतर्गत विद्यार्थियों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए कुल 15 प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात संस्था की प्राइम मिनिस्टर धार्मिक जाट द्वारा मशाल प्रज्वलित कर स्पोर्ट मीट का शुभारंभ किया गया। मशाल के साथ मैदान में प्रवेश करते ही पूरा परिसर खेल उत्साह से गूंज उठा। इसके बाद संस्था के चारों हाउस - लिटिल लायन, एक्सपर्ट ईगल्स, टैलेंटेड टर्टल एवं सॉलिड शार्क - के विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाउस कैप्टन के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्पोर्ट्स डांस की प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम को और भी भव्य स्वरूप प्रदान किया। उड़ान स्पोर्ट मीट के अंतर्गत कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें शारीरिक दक्षता के साथ-साथ बौद्धिक कौशल से जुड़े खेल भी शामिल हैं। सभी प्रतियोगिताएं हाउस सिस्टम के अंतर्गत संपन्न होंगी, जिससे विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके।



इस अवसर पर संस्था के संचालक आर. बी. मालवीय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने, पूरे अनुशासन एवं निष्ठा के साथ खेलते हुए अपनी-अपनी टीम को विजय दिलाने का प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन में विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उमंग से सराबोर नजर आया।

## मलेरिया, डेंगू नियंत्रण के लिए सामयिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वर्तमान में बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संभावित रोगों में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस-पास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। अपने घर एवं कार्यालय परिसर के आस-पास सफाई न होने की स्थिति में मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया रोगो के फैलने की संभावना होती है इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस पास साफ-सफाई की व्यवस्था आवश्यक है।

## विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित कर सामाजिक समरसता राष्ट्रभक्ति और हिंदू एकता का दिया

**इछावर।** सकल हिन्दू समाज द्वारा सोमवार को नगर के दशहरा मैदान परिसर में एक विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें नगर सहित आस-पास अंचल से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और हिन्दू एकता का दिया संदेश दिया गया। आयोजित कार्यक्रम के पहले नगर में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जात पात की करो विदाई , हम-सब हिन्दू भाई - भाई और भारत माता की जय आदि जयकारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा खेड़ीपुरा स्थित हनुमान मंदिर से आरंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए ग्रामदेवी दशहरा मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची । जहां मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात समरस भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।



## महिलाओं के सम्मान में बैनर-पोस्टर लेकर सड़क पर उतरी युवक कांग्रेस

**सीहोर।** महिलाओं के सम्मान में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और बेनर पोस्टरों के साथ नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश की उन्नव विधानसभा क्षेत्र के दुष्कर्मी हत्यारें भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर को कोर्ट के द्वारा दी गई जमानत पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को युवक कांग्रेस भोपाल संभाग प्रभारी गीता तड़वे ने संबोधित किया। उन्होने कहा कि देश में भाजपा नेताओं पर महिलाओं युवतियों के साथ अन्याय अत्याचार के आरोप लगातार सामने आ रहे है। अपराध सिद्ध होने सजा मिलने के बाद भी जमानत मिलना पीड़ित महिलाओं के साथ अन्याय है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे।




## दो दिवसीय बालिका क्रिकेट का हुआ समापन

# बालिकाओं का जलवा, फाइनल में भारतीय विद्या मंदिर को दी एक तरफा शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

स्वर्गीय राजेन्द्र पंवार (राजू) की स्मृति में आयोजित इंटरस्कूल बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोरखेड़ा कलाँ में 27 व 28 दिसंबर को किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 8 टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता ने न केवल बालिका क्रिकेट को मंच दिया, बल्कि खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का शानदार उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

**आठ टीमों के बीच रोचक मुकाबले :** प्रतियोगिता में मगरिया, लाड़कुई, वीणांचल स्कूल, विद्यासागर, शुभम कॉन्वेंट, शारदा विद्या मंदिर, भारतीय विद्या मंदिर और मेज़बान बोरखेड़ा कलाँ की टीमें शामिल रहीं। शुरुआती दौर से ही मुकाबले रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने अनुशासन व कौशल का परिचय दिया।

**सेमीफाइनल में मेज़बानों का दम :** पहले सेमीफाइनल में बोरखेड़ा कलाँ और लाड़कुई आमने-सामने रहे, जिसमें बोरखेड़ा कलाँ ने सशक्त प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय विद्या मंदिर ने वीणांचल को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबला बोरखेड़ा कलाँ और भारतीय विद्या मंदिर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बोरखेड़ा कलाँ ने निर्धारित 10 ओवरों में 112 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। टीम की ओर से निकिता भूसारिया ने शानदार 40 रन बनाए, जबकि सुहाना धावरे ने 25 रनों का अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय विद्या मंदिर की टीम दबाव में आ गई और 35 रनों पर सिमट गई। इस तरह बोरखेड़ा कलाँ ने एकतरफा जीत के साथ खिताब अपने नाम किया। 2025 में भी विजय रथ जारी बोरखेड़ा कलाँ की बालिका क्रिकेट टीम का शानदार फॉर्म जारी है। वर्ष 2025 में टीम ने लगातार सातवीं ट्रॉफी जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में यह टीम अब तक एक भी टूर्नामेंट नहीं हारी है। आयोजन में पावर कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद कुमार, प्रिया स्वामी, भैरूंदा के भाजपा वरिष्ठ नेता चंद्रकांत खंडेलवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पाराशर, वीणांचल के डायरेक्टर के.एल. पंवार तथा बोरखेड़ा कलाँ के प्राचार्य हरिओम मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




### व्यक्तिगत पुरस्कारों में खिलाड़ियों का सम्मान

बेस्ट बॉलर अंजना मरकाम, बेस्ट बल्लेबाजः भावना पटेल (भारतीय विद्या मंदिर), बेस्ट कीपर ध्रुविका चौहान, इमर्जिंग प्लेयर जानकी यादव, बेस्ट फील्डर सुहाना धावरे को दिया गया। टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर अंजना मरकाम (कप्तान, शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरखेड़ा कलाँ) को दिया गया। अंजना मरकाम ने पूरे टूर्नामेंट में 6 ओवर गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर मेडन डाले और सर्वाधिक 10 विकेट झटककर सभी को प्रभावित किया। इस सफल आयोजन ने क्षेत्र में बालिका खेलों को नई ऊर्जा दी है। आयोजकों और विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए खेल प्रेमियों ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।

## शिव वाटिका में पौधरोपण का आयोजन, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कराए 21 पौधे रोपित



**सीहोर।** सोमवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं से अपना जन्मदिन वर्चुअल और सादगीपूर्ण मनाने की अपील की थी, इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के टाउन हाल पर स्थित शिव वाटिका में 21 पौधों का रोपण कराया। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि पौधा रोपण करने का सिलसिला आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

गौरतलब है कि प्रदेश के मंत्री सारंग ने सभी से आग्रह किया कि जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पेड़ लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सशक्त करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है और आज के समय में हर नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। इस आह्वान को सार्थक करने के लिए नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता सन्नी महाजन, अर्जुन राठौर, नरेन्द्र राजपूत, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, हरिओम दाऊ, रोहित यादव, अशुतोष त्यागी, दिनेश कटारिया, प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, प्रीति सोनी आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

**In The Court Of VI Civil Judge Junior Division Court, Sehore**
**Presiding Officer: सुश्री शिवानी श्रीवास्तव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिरणा संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ।
(RCS A/0000198/2023)
गायत्री राठौर ...... वादी
Vs
हरिनारायण वशिष्ट ..... प्रतिवादी
Process Id-/2023
पेशी दिनांक 29.01.2026

प्रेषिती-
(1) जितेन्द्र वशिष्ट पिता हरिनारायण वशिष्ट पता हाउसिंग बोर्ड कालोनी जिलासीहोर
यह कि प्रार्थी गायत्री राठौर पत्नि स्व सतीश राठौर क्र 02 सुमित राठौर पित्ता सतीश राठौर क्र 03 अमित राठौर पिता सतीश राठौर निवासीगण कस्तूरबा माध्यमिक स्कूल के पास राठौर चौराहा गंज जिला सीहोर क्र 04 श्रीमति दीप्ती राठौर पत्नि मनीष राठौर पुत्री स्व सतीश राठौर निवासी गल्ला मण्डी जिला सीहोर क्र 15 श्रीमति सुरभी राठौर पत्नि योगेश राठौर पुत्री स्व सतीश राठौर निवासी फूटी बावडी मण्डी जिला सीहोर क्र 06 श्रीमति स्वाती राठौर पत्नि दीपक राठौर पुत्री स्व सतीश राठौर निवासी करोंद जिला भोपाल क्र 17 श्रीमति कीर्ति राठौर पत्नि विपिन राठौर पुत्री स्व सतीश राठौर निवासी इण्डियन सेटेलाईट कालोनी जिला इंदौर ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे यह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावेंआज तारीख 26 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**शिवानी श्रीवास्तव, न्यायाधीश षष्टम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, जिला सीहोर**

स्वास्थ्य विभाग के 7 सदस्यीय दल ने प्रस्तुत की रिपोर्ट, बताया कुछ ही सामान जला, कम क्षति

आमजनों की मांग-अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से करवाई जाए पूरे मामले की जांच

# अस्पताल आगजनी में जांच टीम बोली कम हुआ नुकसान, दस्तावेज सुरक्षित!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला अस्पताल परिसर के स्टोर रूम में विगत दिनों हुई आगजनी की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच के लिए गठित टीम को कोई ज्यादा नुकसान नजर नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग के दवा स्टोर में शुक्रवार को हुई आगजनी की घटना के बाद रविवार को जांच समिति ने राहत भरी रिपोर्ट पेश की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा गठित विशेष समिति ने स्टोर का सूक्ष्म निरीक्षण किया जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि अस्पतालों में दवाइयों की सप्लाई पर इस घटना का कोई असर नहीं पड़ेगा।

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में डॉ. एलपी भकोरिया, डॉ. राजीव हरिओध, डॉ. अमित कोहली, डॉ. महेंद्रपाल सिंह सहित फार्मासिस्ट लोकेन्द्र शाक्यवार और दिनेश पारिक शामिल थे। टीम ने रविवार को स्टोर की प्रत्येक रैक और रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। जांच का सकारात्मक पहलू यह है कि है अधिकांश स्टॉक सुरक्षित है। स्टोर में मौजूद कुल 186 रैकों में से केवल कुछ ही रैक का सामान आग की चपेट में आया था।

### वर्तमान रिकॉर्ड और दस्तावेजों के सुरक्षित होने का दावा

जांच टीम के अनुसार विभाग का वर्तमान रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह सुरक्षित हैं, जिससे ऑडिट और वितरण में कोई समस्या नहीं आएगी। अधिकांश दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भी सुरक्षित पाए गए हैं। आगजनी के बावजूद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में दवाइयों की सप्लाई की कोई बाधा नहीं आएगी। स्वास्थ विभाग प्रशासन ने अब प्राथमिकता के आधार पर स्टोर के प्रभावित हिस्से को दुरुस्त करने की योजना बनाई है।

### आमजन बोले निष्पक्षता से नहीं हुई जांच

जिला अस्पताल के सीएमएचओ स्टोर रूम में हुई इस आगजनी की घटना के बाद आमजनों द्वारा लाखों रुपए की दवाईयां सहित अन्य उपकरणों के जलने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। इसके साथ ही लोगों ने स्वतंत्र एजेंसी या प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारियों से मामले की जांच करवाने की मांग रखी थी। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने अपने ही विभाग के जिम्मेदारों को जांच सौंपी जिसमें टीम को ज्यादा नुकसान नजर ही नहीं आया है। स्थानीय लोगों का जांच टीम की रिपोर्ट पूरी तरह से संदेहास्पद है।

इस मामले में न किसी को दोषी पाया गया है और न ही स्टोर रूम के पूरे रिकार्ड जलने की बात सामने आई है। ऐसे में लोगों ने राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मांग रखी है कि इस पूरे मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग को छोड़कर अन्य विभाग के अधिकारियों से करवाई जाए ताकि पूरी हकीकत सामने आ सके।

**जल्द रिपेयर कर लेंगे**

हमारे द्वारा गठित जांच टीम को ज्यादा रिकॉर्ड जला हुआ नहीं मिला। हम जल्द ही स्टोर रूम को रिपेयर कर लेंगे।

- **शोभा पटेल,** सीएमएचओ, राजगढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध जताते हुए किया प्रदर्शन

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची और जिपं अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



25 दिसम्बर को पीपल चैक ब्यावरा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण नगर पालिका ब्यावरा द्वारा समारोहपूर्वक किया गया, जो हर्ष का विषय है। साथ ही इस अवसर पर आयोजित समारोह में यह घोषणा की गई कि नगर का राजगढ़ रोड अब अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग होगा। जबकि राजगढ़ रोड सदैव से जवाहर मार्ग से जाना जाता है एवं शासकीय अभिलेख व नगर पालिका में उक्त मार्ग का नाम जवाहर मार्ग ही दर्ज है। इस संबंध में न तो नगर पालिका परिषद की बैठक में पूर्व में कोई चर्चा की गई थी, न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया था।

अतः यह दुख और खेद का विषय है कि जब उक्त मार्ग का नाम पूर्व से ही महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू के नाम पर नामांकित है, तो उस मार्ग के नाम को परिवर्तित करने का प्रयास अनावश्यक व खेदपूर्ण है तथा स्व. पंडित नेहरू एवं स्व. अटल दोनों के महान व्यक्तित्व व गरिमा को ठेस पहुंचाता है।

स्व. पंडित नेहरू आजादी के संघर्ष में सर्वाधिक समय जेल में बिताने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका तथा विश्व स्तर पर उनके विचार एवं व्यक्तित्व की स्वीकार्यता कभी भुलाई नहीं जा सकती है। भाजपा की विचारधारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानियों और देश के निर्माण में योगदान देने वाले महानायकों की स्मृति को मिटाने पर आमादा है और यह प्रयास उसी श्रृंखला में है।

साथ ही नगर के पुराने अस्पताल परिसर में स्व. पंडित नेहरू का अति महत्वपूर्ण स्थल भी मौजूद है, जिसे भी संरक्षित और विकसित किए जाने की मांग इस ज्ञापन के माध्यम से हम मान्यवर से करते हैं।

ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग कि गई कि नगर के जवाहर मार्ग (राजगढ़ रोड) का नाम यथावत रखा जाए कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोदीया पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, मोहन लोधी, राजकुमार जाट, फूलसिंह जाटव, पप्पू बना , लक्ष्मीनारायण यादव, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, ज्ञानु विजयवर्गीय, चैन सिंह गुर्जर गोपाल बना ज्ञानु विजयवर्गीय रचना भार्गव, गंगा चैहान, अशोक क्रांति, युनुस मोहम्मद आदि शामिल थे।

राजगढ़ के सराफा मार्केट में हुई चोरी लूट की घटना का मामला

# डकैती मामले के आरोपियों पर एक लाख 20 हजार का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों राजगढ़ मुख्यालय पर करीब 12-15 की संख्या में आए अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने सर्राफा मार्केट में डकैती को अंजाम दिया था। चोरी, चोरी के प्रयास एवं लूट की उक्त गंभीर घटनाओं की पतारसी के लिए पुलिस विभाग ने पांच विशेष टीमें गठित की हैं जो हर एंगल से इस मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस मामले में आरोपियों का सुराग देने या पकड़वाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस महानिरीक्षक भोपाल अभय सिंह की अनुशंसा पर उक्त ईनाम राशि में बढ़ोतारी करते हुए हुए 1 लाख 20 हजार रुपए कर दिया गया है। जो कोई भी व्यक्ति इस प्रकरण में ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ा जा सके, उसे यह ईनाम राशि दी जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।


मध्यरात्रि राजगढ़ मुख्यालय पर मचाया आंतक, सराफा व्यापारियों की दुकानों पर निशाना

आधी रात सर्राफा साफ, 5 से 6 लाख का माल ले उड़े हथियारबंद बदमाश

खास बातें

- एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई घटना के कुछ समय बाद अटैक से उनका निधन
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना

शोर मचा तब भागे बदमाश

बांसवाड़ा क्षेत्र में युवकों ने दिखाया साहस

वारदात के कुछ घंटे बाद व्यापारी का निधन

इनका कहना है


### पुलिस ने दर्ज की हुई हैं 4 एफआईआर

उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर की मध्यरात्रि हथियारों से लैस बदमाश ने किला क्षेत्र में राजू सर्राफ, सचिन सोनी, मुकेश सोनी सहित एक अन्य की रिपोर्ट पर चोरी, लूट, लूट का प्रयास की धाराओं में एफआईआर दर्ज की हुई है। हथियारों से लैस होकर आए बदमाशों ने न केवल वारदात को अंजाम दिया बल्कि कुछ लोगों को घायल भी कर दिया था। इस वारदात के बाद सदमे में आए एक ज्वेलर की हृदयाघात से मृत्यु भी हो चुकी है। राजगढ़ नगर के स्थानीय लोगों द्वारा भी पुलिस से लगातार मांग की जा रही है मुख्यालय पर खुलेआम दहशत फैलाकर वारदात को अंजाम देने वाले इन बादमाशों को जल्द से जल्द पता लगाया जाना चाहिए।

पुलिस, प्रशासन के हस्तक्षेप के उपरान्त हो सका अंतिम संस्कार

# मुक्ति भी आसान नहीं, सरेड़ी में रोकी वृद्धा की अंतिम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय समीपस्थ सरेड़ी ग्राम में एक वृद्धा की अंतिम यात्रा में कुछ लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से व्यवधान डालने का मामला सामने आया है। मुक्तिधाम जा रही अंतिम यात्रा में हुए व्यवधान के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और हालात वाद-विवाद तक पहुंच गया। मामले की सूचना के बाद तहसीलदार अनिल शर्मा, टीआई अखिलेश वर्मा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा तब कहीं जाकर बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार हो पाया। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला मुक्तिधाम मार्ग पर किए गए बेजा कब्जे से जुड़ा हुआ था लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात को सिरे से खारिज किया है।

सरेड़ी गांव निवासी मेथीबाई पत्नी शिवसिंह वर्मा का रविवार को देहावसान हुआ था। मेथीबाई की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए निकट के मुक्तिधाम ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने अंतिम यात्रा में रुकावट डाली और मौके पर तनाव जैसी स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी लगते ही तहसीलदार अनिल शर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। बाद में मुक्तिधाम मार्ग के अतिक्रमण को स्थानीय पंचायत द्वारा जेसीबी से साफ करवाया गया तब कहीं जाकर स्वर्गीय मेथीबाई का अंतिम संस्कार हो पाया।

हालांकि, बाद में प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले में स्पष्टीकरण भी दिया गया है कि अंतिम यात्रा का रास्ता नहीं रोका गया था बल्कि श्मशान तक पहुंचने का मार्ग खराब होने के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हुई। बाद में बगैर किसी विवाद के मृतिका बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार करवाया गया।

# हिंदू सम्मेलन की शोभा यात्रा के साथ ध्वजा रोहण निकला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सकल हिंदू समाज में धर्म चेतना जगाने नगर में 10दिवसीय कार्यक्रम चल रहे हैं,जिसका समापन चार जनवरी को होगा। रविवार दोपहर नगर में जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन निकाला गया। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार शनिवार हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किये व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया ।

यहां बता दे कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओ से सजाया गया है । शोभायात्रा रविवार दोपहर 12 बजे बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू हुई ,इसके पहले क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल हुई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचीं जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया।

# ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसकी बुनियाद सत्य, अहिंसा, प्रेम और सौहार्द पर टिकी है। लोकतंत्र, समानता, न्याय और एकजुटता ही कांग्रेस की विचारधारा का मूल है। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना आजाद एवं लालबहादुर शास्त्री जैसे महान नेताओं के आदर्श कांग्रेस के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। हमें गर्व है कि हम उस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा हैं, जिसके नेताओं ने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उक्त उद्गार पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस पार्टी के 141वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कांग्रेस के गठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 28 दिसंबर 1885 को ए.ओ. ह्यूम की पहल पर मुंबई के गोकुलदास संस्कृत कॉलेज मैदान में देशभर के राजनीतिक और सामाजिक विचारधाराओं के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर कांग्रेस की नींव रखी। डब्ल्यू.सी. बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट आबिद हुसैन लोदी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी विचारधारा, अनुशासन और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण को सदैव प्राथमिकता दी है। उन्होंने वर्तमान राष्ट्रीय नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी देशहित में सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस को अडिग संकल्प और मजबूत इरादों के साथ जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष करना होगा, ताकि समाज के सभी वर्गों का विश्वास कांग्रेस को प्राप्त हो सके।कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, जिला महामंत्री प्रदीप सादानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, पूर्व अध्यक्ष समीर मेव, जिला सचिव निजाम कुरैशी, महेश मालवीय, बहादुर भाई, महेश सोनी, मुस्ताक अंसारी, रईस मंसूरी, शोएब हसन राही सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# धर्मध्वजाओं संग निकला जुलूस भूमि-ध्वजा पूजन किया संपन्न



**नरसिंहगढ़।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रस्तावित वृहद हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर में लगातार आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार 28 दिसंबर को नगर की चारों बस्तियों में धर्मध्वजा के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी बस्तियों से श्रद्धालु अपने-अपने नियत स्थलों पर एकत्रित हुए और सनातन धर्म की जय-जयकार के साथ शोभायात्रा के रूप में स्टेडियम फील्ड पहुंचे। यहां भव्य भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जगदीश मंदिर बस्ती के अंतर्गत श्रद्धालु दोपहर 12 बजे पुरानी कोतवाली परिसर में एकत्रित हुए। यहां विधिवत सुंदरकांड पाठ एवं धर्मध्वजा पूजन के बाद धर्मध्वजा के साथ जुलूस निकाला गया, जो स्टेडियम फील्ड पहुंचा। आयोजन में सकल हिंदू समाज के साथ नारी शक्ति व मातृ शक्ति रही। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों की कड़ी में आगामी 11 जनवरी को नगर में वृहद हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

नगर के सैकड़ों श्रद्धालु सहित प्रबुद्धजन हुए सम्मिलित, पदपूजन भी हुआ

# हरिओम तत्सत महाराज निर्वाण दिवस पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र के प्रसिद्ध संत श्री 1008 हरिओम तत्सतजी महाराज के निर्वाण दिवस पर रविवार को नगर में चरण पूजा उपरान्त भव्य शोभायात्रा का आयोजन करवाया गया। स्थानीय बड़ा सत्यनारायण मंदिर में संतश्री के चरण पूजन उपरान्त उपरान्त आरंभ हुई शोभायात्रा में नगर के सैकड़ों श्रद्धालु एवं संतश्री के अनुयायी शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा इत्यादि के साथ भाव-भीना स्वागत, अभिनंदन किया गया।

### नगर व क्षेत्र में संतश्री के हजारों अनुयायी

प्रख्यात संत श्री हरिओम तत्सत महाराज के राजगढ़ नगर सहित क्षेत्र में हजारों की संख्या में अनुयायी मौजूद हैं। स्थानीय खोयरी महादेव धाम मंदिर परिसर में संत श्री हरिओम तत्सत महाराज की समाधि भी स्थित है। अपने निर्वाण के संबंध में संतश्री ने अनुयायियों को पहले ही बता दिया था कि वे कब और कितने समय पर मोक्ष प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपने मोक्ष का स्थान खोयरी के घने जंगलों में शिव-मंदिर के समीप तय किया था। मोक्ष के एक दिन पूर्व ही वे वहां पहुंचकर साधना में लीन होने के उपरान्त ब्रम्हलीन हो गए थे।

आपको बताते चलें की नगर के पारायण चैक की स्थापना हरिओम तत्सत जी महाराज के प्रयासों से ही हुई थी। पुराने समय में बड़े सत्यनारायण मंदिर के सामने नगर में पारायण होता था। इसके बाद नए स्थल की आवश्यकता महसूस हुई और महाराजश्री ने तत्कालीन राजा से पारायण चैक वाले स्थान पर मंदिर निर्माण की आवश्यकता जाहिर की थी।

### हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

11 जनवरी 2026 अंजनीलाल बस्ती ब्यावरा में आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए सकल हिन्दू समाज द्वारा श्री अंजनीलाल धाम पर ध्वज स्थापना एवम भूमि पूजन किया गया,,,भूमि पूजन के अवसर पर भागवताचार्य पंडीत सतीश नागर ने अपने वक्तव्य में कहा ,,संगठित समाज ही शक्तिशाली समाज बन सकता है हिन्दू समाज भारत की आत्मा है,,जातिगत भेद भाव मिटाकर राष्ट्र एवम सनातन धर्म के लिए हिन्दू समाज को एक होकर आगे आना होगा,,,11 जनवरी को अधिक से अधिक हिन्दू समाज हिन्दू सम्मेलन में भाग ले,,इस अवसर पर,,कथा प्रवक्ता सतीश नागर भागवताचार्य अजय तिवारी द्वय के पावन सानिध्य एवम अंजनीलाल बस्ती के सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी में 14वां वार्षिक उत्सव हुआ आयोजित



**जीरापुर।** नगर के एडवांस्ड किड्स एकेडमी का 14वां वार्षिक उत्सव "विरासत अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं श्री गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर, विशेष अतिथि मनीष सक्सेना को स्कूल संचालक गिरिराज गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ई के जोशी, ने स्वागत भाषण के साथ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्कूल गीत एवं ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति ने समां बांध दिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से अभिभावकों का मन जीत लिया। नर्सरी के बच्चों की अभिभावकों हेतु विशेष प्रस्तुति, एलकेजी का बॉलीवुड डांस, यूकेजी का मस्ती डांस, कक्षा पहली का कार्टून मेडली डांस एवं कक्षा दूसरी का ट्विन रिदम डांस दर्शकों के लिए अत्यंत आकर्षक रहे। विद्यालय के उप-प्राचार्य पुष्कर पटेल द्वारा ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप

### निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को लिया गोद



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने टीबी उन्मूलन हेतु संचालित जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निक्षय मित्र के रूप में पाँच टीबी मरीजों को गोद लिया है। साथ ही उन्होंने उपचार अवधि के दौरान उनके पोषण आहार सहयोग की जिम्मेदारी भी स्वयं ली है। कलेक्टर के निर्देशानुसार गोद लिए गए मरीजों को उनके निवास पर जाकर फूड बास्केट उपलब्ध कराए गए। मरीजों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन फूड बास्केट में हाई प्रोटीन डाइट, पौष्टिक अनाज, दालें एवं अन्य आवश्यक पोषण सामग्री शामिल की गई है। इन मरीजों को लगातार दो माह तक पोषण आहार सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। इस अवसर पर डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि यह पहल केवल सहायता नहीं, बल्कि एक सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि "टीबी रोग को हराना और देश को जिताना हम सभी का कर्तव्य है। सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के डॉ. मौली थॉमस, डॉ. मनोज कुमार शर्मा एवं डॉ. सतीश शर्मा उपस्थित रहे।

### किला स्थित जैन मंदिर में विश्वसूर्य सागर ने धर्मसभा को किया संबोधित

# जैन दर्शन दूसरों के लिए नहीं, बल्कि स्वयं को देखने और सुधरने के लिए: विश्वसूर्य

क्रियाओं के साथ जब तक परिणति निर्मल नहीं, तब तक शुभ परिणाम संभव नहीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य तपोनिधि वात्सल्य ऋषि पूज्य मुनिश्री विश्वसूर्य सागर जी मुनिराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में रविवार को आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व भवों में अर्जित पुण्यानुबंधी पुण्य के उदय से ही आज हमें जिनवाणी श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यही सम्यक ज्ञान आगे चलकर केवलज्ञान की प्राप्ति का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि जिसकी परिणति अशुभ होती है, उसकी गति भी अशुभ होती है, चाहे वह व्यक्ति कितना ही बड़ा धर्मात्मा क्यों न प्रतीत हो। मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि मात्र बाह्य क्रियाओं से धर्म नहीं होता। यदि तीन घंटे की पूजा-अर्चना के बाद भी घर जाकर विचार और भाव नहीं बदलते, तो उन क्रियाओं का कोई वास्तविक लाभ नहीं है। क्रियाओं के साथ जब तक परिणति निर्मल नहीं होगी, तब तक शुभ परिणाम संभव नहीं हैं।

विचारों में परिवर्तन के बिना उपवास और तप का भी कोई सार नहीं रह जाता, इसी कारण श्रावक के छह आवश्यक बताए गए हैं। वात्सल्य ऋषि मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज ने कहा कि जैन दर्शन दूसरों को दिखाने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं को देखने और सुधारने के लिए है। जैन कुल में जन्म लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जैन दर्शन को समझकर उसके अनुरूप आचरण करना आवश्यक है। अनंत भवों तक निगोद में भटकने के बाद मनुष्य पर्याय प्राप्त हुई है, इसे विषय-भोगों में नष्ट नहीं करना चाहिए।मुनिश्री ने कहा कि मंदिर में जाकर भगवान से केवल कल्याण की प्रार्थना करने से कल्याण नहीं होता, बल्कि अपनी परिणति सुधारने से ही आत्मकल्याण संभव है। दगा और कुटिल भाव किसी का हित नहीं करते, बल्कि स्वयं के अहित का कारण बनते हैं। दूसरों के प्रति कषाय और कुटिलता रखने से नरक गति के बंध होते हैं, जहाँ घोर दुखों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति परिणामों को समझता है, वह कभी कषाय नहीं करता।आज मनुष्य कषायों को पानी की तरह पी रहा है और जीवन यूँ ही व्यर्थ जा रहा है। विवेकी व्यक्ति रत्नों को संभालकर रखता है।उसी प्रकार अपने भाव ही वास्तविक रत्न हैं, उन्हें संभालना चाहिए। भाव सुधरेंगे तो भव सुधरेगा।

उपदेश के अंत में मुनिश्री ने सुंदर दृष्टांत देते हुए कहा कि सुबह के सूर्य की लालिमा और शाम के सूर्य की लालिमा दोनों संदेश देती हैं।यदि जीवन की सुबह संभल न पाई हो, तो भी संध्या अभी शेष है। आचार्य भगवान की अनुकंपा से जो ग्रंथ हमें सुनने और पढ़ने को मिल रहे हैं, उनका सदुपयोग कर अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए। इस संसार में कोई किसी का कुछ बिगाड़ नहीं सकता। मनुष्य केवल सोच सकता है, पर यदि किसी का तीव्र पुण्य है तो उसका कोई अहित नहीं कर सकता। दूसरे के लिए बुरा सोचने से स्वयं कर्मबंध होता है।मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति अपने पूर्व जन्म के पाप-पुण्य लेकर जन्म लेता है। सुबह से शाम तक हम अनेक कर्म बांध लेते हैं, पर अपने बारे में नहीं सोचते। जीवन शांति और सद्भाव के साथ जीना चाहिए। भगवान की पूजा-अर्चना और भक्ति बिना किसी अपेक्षा के करनी चाहिए। पूजा करना हमारा कर्तव्य है, मांगना नहीं। उन्होंने एक वृतांत सुनाते हुए बताया कि एक नगर सेठ के पास अपार धन-वैभव था, लेकिन संतान नहीं थी। पूर्व जन्म के कर्मों से उसे पुत्र रत्न नहीं मिला, किंतु पुण्य के कारण वैभव बना रहा। सेठ-सेठानी ने सम्मेद शिखर जी की तीर्थ वंदना की। पार्श्वनाथ टोंक के दर्शन के बाद लौटते समय उन्हें झाड़ियों से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। बच्चे को वे घर ले आए। उस बच्चे के पुण्ययोग से सेठानी गर्भवती हुई और घर में खुशियां आईं।मुनिश्री ने कहा कि दुनिया में भ्रम की कोई दवा नहीं है। मन में पाप आ जाए तो उसे निकालना कठिन हो जाता है। व्यवस्था बनाई जा सकती है, लेकिन किसी का पुण्य छीना नहीं जा सकता। स्वार्थ में पड़कर दूसरे का अहित चाहने वाला अंततः स्वयं का ही अहित करता है।

पुण्यवान व्यक्ति के पास साधन न हों, फिर भी वह सब प्राप्त कर लेता है, जबकि बिना पुण्य के व्यक्ति को करोड़ों मिल जाएं तो भी वह उन्हें नष्ट कर देता है। अंत में मुनिश्री ने कहा कि अपनी परिणीति संभालें, भाव और भव को निर्मल बनाएं, यही धर्म का सार है।

# कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विधायक से की मुलाकात

### विधायक ने सभी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सीहोर जिला भारतीय जनता पार्टी की हाल ही में घोषित की गई जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी की घोषणा के बाद आष्टा नगर मंडल से भारतीय जनता पार्टी की पार्षद तारा कटारिया को जिला महामंत्री एवं गिरिजा कुशवाहा को जिला सह कार्यालय मंत्री, अनिता ठाकरे को जिला सह कोषाध्यक्ष का दायित्व सौपे पर जाने पर तीनो पदाधिकारीयो ने भारतीय जनता पार्टी की नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारीयो के साथ विधायक कार्यालय पहुंचे। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त कर उनका स्वागत और सम्मान किया। सभी महिला नई पदाधिकारीयों के विधायक कार्यालय पहुंचने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जिला महामंत्री तारा कटारिया जिला सह कार्यालय मंत्री गिरिजा कुशवाहा, जिला सह कोषाध्यक्ष अनिता ठाकरे का स्वागत और सम्मान कर उन्हें मिले नये दायित्व की बधाई दी । इस अवसर पर विशाल चौरसिया, धनरूपमल जैन, माखन कुशवाहा, दुलीचंद कुशवाहा, ऋतु जैन, डॉक्टर चंद्रा वोहरा, निर्मला कुशवाहा सही अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संगठन में नया दायित्व प्राप्त करने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सबको बड़े विश्वास से संगठन ने बड़ा दायित्व सौपा है। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों एवं हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार के विकास के कार्यों को, जनहित की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में आप सब को मिल कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। यही संगठन की और सरकार की आप से अपेक्षा है।

### कलेक्टर ने त्वरित भुगतान के दिए निर्देश

**सीहोर।** भावान्तर भुगतान योजना के तहत कलेक्टर ने जिले में पंजीकृत किसानों से सोयाबीन की खरीदी एवं भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी पंजीकृत किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन किसानों के ई-पेमेंट फेल हो गए हैं, ऐसे किसानों के भुगतान की कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए।

# ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेष रूप से वायु गुणवत्ता में हो रही निरंतर गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए देशभर में संचालित पैन-इंडिया पर्यावरण साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल के अंतर्गत सोमवार को ग्रामीणों क्षेत्रों के शासकीय संस्थाओं सहित ग्राम में तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा अध्यक्ष, न्यायधीष विजय डांगी के मार्गदर्षन में पर्यावरण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पेरालीगल वॉलेंटियर आशीष सोनी ने ग्रामीणों को बताया कि जिस प्रकार हम अपने परिवार का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार से हमें अपनी प्रकृति का भी ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमारा जीवन प्राकृतिक पर निर्भर है इसीलिए हमें अपने पर्यावरण का संरक्षण करना बेहद जरूरी है पेड़ पौधे सहित सभी प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन का संरक्षण करते हैं लेकिन पर्यावरण प्रदूषण के कारण विश्व भर में विभिन्न प्रकार की आपदाएं आ रहे हैं। वही किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सालहा लेनी है तो नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 मे फोन करके जानकारी ले सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों को पेड़ लगाने, प्लास्टिक उपयोग कम करने, कचरा प्रबंधन, पानी-बिजली बचाने की शपथ दिलाई गई तथा पर्यावरण प्रदूषण की स्थिति में नालसा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन में शिकायत करने की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# रायसिंह मेवाड़ा बोले: नगर पालिका का नवीन भवन होगा सर्वसुविधायुक्त, दूसरे तल का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका द्वारा अपने स्वयं के नवीन भवन का निर्माण अटल कॉलोनी के पीछे किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर लगातार जारी है। उक्त भवन दो मंजिला सर्वसुविधायुक्त बनेगा। नगरपालिका के नवीन भवन निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के तकनीकी अधिकारियों की मौजूदगी में निरीक्षण किया एवं द्वितीय तल की छत का विधि-विधान से शुभारंभ किया।

इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रभारी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि नपा के नवीन भवन के निर्माण में निर्माण सामग्रियां उच्चगुणवत्ता की बरते तथा तय समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करें। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका का नवीन भवन दो मंजिला निर्मित होगा, जिसमें सभी विभागों के पृथक-पृथक व्यवस्थित कक्ष होंगे। प्रथम तल पर परिषद हाल, कॉन्फ्रेंस हाल, ऑडिट सेक्शन, अकाउंट शाखा, पार्षदों के बैठने के लिए पृथक से कक्ष, इलेक्ट्रीक शाखा, जल शाखा, तकनीकी शाखा के साथ ही कम्प्यूटर ऑपरेटरों के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी। द्वितीय तल पर रिसेप्शन एरिया, स्टोर रूम, नामांतरण, समग्र, जन्म-मृत्यु पंजीयन, प्रोपर्टी टैक्स, रेवेन्यु शाखा, सहायक उपयंत्री कक्ष, आवक-जावक कक्ष, अध्यक्ष, सीएमओ कक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष, नेताप्रतिपक्ष आदि के कक्ष रहेंगे। दोनों ही तलों पर व्यवस्थित शौचालयों का निर्माण भी होगा।

### पहुंच मार्ग का होगा निर्माण

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि नगरपालिका कार्यालय तक आने के लिए पृथक से नागरिकों के लिए पहुंचमार्ग बनाया जाएगा। वहीं पार्क, बाउंड्रीवॉल का भी निर्माण होगा। श्री मेवाड़ा ने कहा कि वर्तमान में नगरपालिका का कार्यालय भवन शहर के बीचोबीच स्थित है तथा बसस्टैंड पर होने के कारण कार्यालय समय में पूरे दिन वाहनों का शोरगुल रहता है, जिसके कारण कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं परिसर छोटा होने के कारण कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को वाहन रखने में भी समस्याएं होती है।

नगर पालिका का नवीन भवन बनने से अब यह सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण होगा। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, मुकेश राठौर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, अनिल धुर्वे, हसीन ठेकेदार, संजय शर्मा, जितेन्द्र बुदासा आदि मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण की जन्म कथा में जयकारों से गूंज उठा पंडाल

लक्ष्य टुडे ⏭ जावर



श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस का आयोजन अत्यंत भक्तिमय, भावपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या की उपस्थित रही और सभी ने एकाग्रचित्त होकर कथा श्रवण किया। कथा प्रवक्ता सुनीलकृष्ण व्यास ने अपने प्रेरक प्रवचन में कहा श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को यह सिखाती है कि समाज में कैसे रहा जाए, कर्म कैसे किया जाए, जीवन कैसे जिया जाए और अंत में मृत्यु को भी कैसे सार्थक बनाया जाए। उन्होंने बताया कि भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन-शैली का मार्गदर्शन है। तृतीय दिवस में वामन चरित्र कथा, श्रीराम कथा एवं श्रीकृष्ण जन्मकथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।श्रीराम कथा ने मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का आदर्श प्रस्तुत किया। विशेष आकर्षण के रूप में श्रीकृष्ण जन्म का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया गया। पूज्य व्यास जी ने बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ गया, तब कारागार की अंधेरी रात में भगवान श्रीकृष्ण का अवतार हुआ। इस दौरान विजय जी मंडोवरा वासुदेव के रूप में और मायरा पंकज जी धनोतीय (मोहन भोग, नागदा) श्रीकृष्ण के स्वरूप में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। संपूर्ण कथा स्थल "नंद के आनंद भयो" के जयघोष से गूंज उठा। कथा स्थल को सतीश जी गंगवाल द्वारा बनाई गई सुंदर एवं रंगीन रंगोली ने और भी भव्य बना दिया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शिवनारायण काला, सुपुत्र दीपेश काला एवं समस्त काला परिवार रहे। यजमान परिवार द्वारा श्रद्धा भाव से आरती एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। चौथे दिवस की कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, कर्म और विश्वास की गहरी छाप छोड़ी तथा संपूर्ण वातावरण श्रीकृष्णमय हो गया। श्रीमद् भागवत कथा में सभी नगरवासियों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### सहकारी सम्मेलन का आयोजन

**सीहोर।** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष के तहत सहकारिता विभाग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में सहकारी सम्मेलन का आयोजन बहुउदेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित श्यामपुर में सुनील सक्सेना अंकेक्षण अधिकारी सहकारिता विभाग सीहोर के मुख्य आतिथ्य में रंजीत सिंह रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्रशासक बी—पैक्स श्यामपुर की अध्यक्षता में, रमेशचन्द्र रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, प्रभुलाल गौर संस्था प्रबंधक खजूरियाकलॉ, शिवप्रसाद संस्था प्रबंधक खण्डवा, लक्ष्मीनारायण चन्द्रवंशी संस्था प्रबंधक सिराड़ी, दीपकसिंह सिंह ठाकुर संस्था प्रबंधक श्यामपुर के विशेष आतिथ्य में संस्था कर्मचारीगण संतोष पाटीदार, महेश जाट व सदस्यों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण व दीपप्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।




### कांग्रेस नेता दीपेश कानूनगो ने एक बार फिर दिखाई गांधीगिरी

# उज्जैन रोड ब्रिज पर हुए जलनेवा गड्ढों को भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कांग्रेस पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने एक बार फिर से गांधी गिरी दिखाते हुए उज्जैन रोड ब्रिज पर हुए गड्डों को भरने का कार्य कर फिर से जिम्मेदारों को आईना दिखाया है। दीपेश कानूनगो ने बताया कि हमारे द्वारा पूर्व में भी कई बार उज्जैन रोड ब्रिज पर गड्डों के बारे में सांसद, विधायक, महापौर, सभापति एवं प्रशासनिक अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया था लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

हमारे द्वारा पूर्व में भी ब्रिज पर गड्डों को भरा गया था। ब्रिज पर बड़े गड्डो एवं सरियों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता था जिससे किसी भी दिन कोई बड़ी जन हानि हो सकती थी, क्योंकि इस ब्रिज से केवल दो पहिया वाहन ही नहीं चार पहिया वाहन यात्री बस, स्कूल बसें, कारें आदि भी गुजरती है। कानूनगो ने बताया कि जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार अवगत कराने के बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था तो हमारे द्वारा इस ब्रिज की मरम्मत का कार्य जन हित में किया गया है, अब तो कम से कम अधिकारियों और जवाबदारों को इस और ध्यान देना चाहिये तथा इस ब्रिज पर और भी जो खामियां है उनमें सुधार करना चाहिये।

कानूनगो ने आरोप लगाते हुए कहा कि देवास में भाजपा का सांसद, विधायक, महापौर और सभापति होने के बाद भी जनहित के कार्यो में लापरवाही की जा रही है तथा केवल विकास का नारा दिया जा रहा है लेकिन अगर जमीनी हकीकत देखें तो जहां विकास की अधिक आवश्यकता है वहां ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है और पुराने विकास कार्यो की अनदेखी की जा रही है। इस अवसर पर विशाल यादव, साजी हाशमी, राकेश मिश्रा, विजय चौहान मोनू, मुकेश करोले, मनोज पाल, राहुल शर्मा, लोकेश सांखला, बंटी मकवाना, भरत चौहान, अनिकेत माली, मेघल चौहान, रितिक नवगोत्री, प्रथमसिंह पंवार, चीकू सोनी, राहुल गोयल, अनस हिंद एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित होने पर सुखदेव सिंह को दी बधाई



**भौरासा।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट -3040 के वर्ष 2028 -29 के लिए रोटेरियन सुखदेव सिंह घुम्मन के निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित होने पर रोटरी क्लब भौरासा ने हर्ष व्यक्त कर विजय जुलूस में सम्मिलित होकर भौंरासा रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ रूपसिंह नागर, सचिव किशोर कुमार वर्मा एवं रोटेरियन कन्हैया लाल खाटवा ने स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी। सुखदेव सिंह घुम्मन डिजियाना ग्रुप के प्रमुख होने के साथ सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता व समाजसेवी है और लंबे समय से रोटरी के माध्यम से जनकल्याण के कार्यों में जुड़े हुए हैं। घुम्मन के निर्वाचित होने पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मंत्री, रघुवीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव ने बधाई व शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, आष्टा, जिला-सीहोर, म.प्र.

क्रमांक /2598/ ई-टेण्डरिंगे स्वः शाखा/न.पा./2025 — आष्टा दिनांक 24/12/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_470888_1 | नगर की सफाई व्यवस्था हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों प्रतिपूर्ति हेतु आउटसोर्स एजेंसी चयन किये जाने के संबंध में। | 11 माह 96.00 लाख | 10000/- 72000/- | दिनांक 28.01.2026 सायं 17.30 तक |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय नहीं होगा।

विनोद कुमार प्रजापति, मुख्य न.पा. अधिकारी, न.पा.प. आष्टा
सिद्धीका बी भूरू भाई, प्रभारी, स्वच्छता शा., न.पा.आष्टा
सिद्धीका बी भूरू भाई, उपाध्यक्ष, न.पा.प. आष्टा
हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा, अध्यक्ष, न.पा.प. आष्टा